# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, बाली, जिला–पाली(राजस्थान)
## पीठासीन अधिकारी : श्री दिनेश विश्नोई, आर.ए.एस.

राजस्व विविध प्रकरण **GCMS NO 2023/318**
दायरा तिथि : 26.12.2023
आदेश तिथि : 17-02-26
प्रार्थी :–

राजेन्द्र कुमार पुत्र जेसारामजी जाति सरगरा निवासी बेडा तहसील बाली

ब ना म

अप्रार्थी :–

1. चन्द्रकंवर पत्नि भोपालसिंह उम्र बालिग जाति राजपूत निवासी पैरवा तहसील बाली
2. जयसिंह पुत्र पुनमसिंह उम्र बालिग जाति राजपूत निवासी पैरवा तहसील बाली
3. दिपीका पुत्री भोपालसिंह उम्र बालिग जाति राजपूत निवासी पैरवा तहसील बाली
4. नाथुसिंह पुत्र पुनमसिंह उम्र बालिग जाति राजपूत निवासी पैरवा तहसील बाली
5. नीतू पुत्री भोपालसिंह उम्र बालिग जाति राजपूत निवासी पैरवा तहसील बाली
6. भंवरसिंह पुत्र भोपालसिंह उम्र बालिग जाति राजपूत निवासी पैरवा तहसील बाली
7. भावना पुत्री भोपालसिंह उम्र बालिग जाति राजपूत निवासी पैरवा तहसील बाली
8. मोतीसिंह पुत्र धनसिंह उम्र बालिग जाति राजपूत निवासी पैरवा तहसील बाली
9. राजेन्द्र सिंह पुत्र भोपालसिंह उम्र बालिग जाति राजपूत निवासी पैरवा तहसील बाली
10. संगीता पुत्री भोपालसिंह उम्र बालिग जाति राजपूत निवासी पैरवा तहसील बाली
11. हीरसिंह पुत्र धनसिंह उम्र बालिग जाति राजपूत निवासी पैरवा तहसील बाली
    11/1. कृष्णा कुंवर पुत्री हीरसिंह
    11/2. पूनम कंवर पुत्री हीरसिंह जातिगण राजपूत निवासीगण पैरवा तहसील बाली

न्यायालय उप - खण्ड अधिकारी ★ बाली, जिला - पाली (राज.) ★

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 251(ए) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 संशोधन अधिनियम, 2012 सपठित राजस्थान काश्तकारी (सरकारी) संशोधन नियम, 2012 बाबत रेकर्डेड नया रास्ता उपलब्ध कराने

### आदेश

दिनांक: 17-02-26

प्रार्थी ने निर्धारित प्रारूप में आवेदन–पत्र अन्तर्गत धारा 251(ए) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 संशोधन सपठित राजस्थान काश्तकारी (सरकारी) संशोधन नियम, 2012 सपठित नियम–68 प्रस्तुत कर प्रार्थी की खातेदारी भूमि ग्राम पैरवा पटवार हल्का पैरवा तहसील बाली के खसरा नंबर 796 रकबा 2.1400 हैक्टर की भूमि में आवागमन के लिए कोई विकल्प/रास्ता उपलब्ध नही होने से अप्रार्थीगण की भूमि ग्राम पैरवा पटवार हल्का पैरवा तहसील बाली के खसरा नंबर 795 रकबा 4.2800 हैक्टर में से प्रार्थना पत्र के संलग्न नजरी नक्शा मे लाल रंग से दर्शित ट्रेक से नया मार्ग उपलब्ध कराये जाने का निवेदन किया गया। प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र के साथ राजस्व अभिलेखो की प्रतियां भी प्रस्तुत की गई। प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र के संबंध मे राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 संशोधन अधिनियम, 2012 सपठित राजस्थान काश्तकारी (सरकारी) संशोधन नियम, 2012 के नियमो के नियम–69(i) के अन्तर्गत एवं इस संबंध मे राज्य सरकार राजस्थान राजस्व (ग्रुप–6) की अधिसूचना क्रमांक : F.3(2) Rev.6/ 03/ pt / 7 Jaipur Dated : 02.03.2012 द्वारा प्रदत्त निर्देशो के अनुसरण मे तहसीलदार बाली को मौका एवं अभिलेखीय स्थिति की जांच कर सम्पूर्ण स्थिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। तहसीलदार बाली ने जांच कर अपने कार्यालय पत्रांक राजस्व/2024/255 दिनांक 07.05.224 से जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की। तहसीलदार बाली की जांच रिपोर्ट अनुसार :–

1. यह है कि ग्राम पैरवा पटवारी हल्का पैरवा के खसरा नंबर 796 रकबा 2.1400 हैक्टर किस्म बारानी दोयम भूमि खातेदार राजेन्द्र कुमार पुत्र जेसाराम जाति सरगरा सा. बेडा के नाम से खातेदारी दर्ज है। प्रार्थी के आवागमन हेतु प्रस्तावित रास्ता के अलावा अन्य कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है।
2. यह है कि निरीक्षक भू–अभिलेख बिसलपुर की जांच रिपोर्ट अनुसार प्रार्थी खातेदार को नजदीकी रास्ता प्रस्तावित रास्ते के अनुसार दिया जाना उचित है।
3. यह है कि रास्ते हेतु प्रस्तावित भूमि का खसरावार विवरण निम्नानुसार है:–

सहायक कलक्टर एवं पदेन
उपखण्ड अधिकारी, बाली

**पेज लगातार...........02**

Scanned with OKEN Scanner

**राजस्व विविध प्रकरण संख्या : Gcms No 2023/318**
**अनवान राजेन्द्र कुमार बनाम चन्द्र कंवर वगैरा**
***अंतर्गत धारा 251 ए राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955***

| क्र. स. | खसरा नंबर | रकबा हैक्टर में | किस्म | रास्ते हेतु प्रस्तावित भूमि का क्षैत्रफल | नाम खातेदार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 795 | 4.2800 | बंजड | 274X9.14=2504.36 वर्गमीटर | 1 कृष्ण कुंवर पुत्री हीरसिंह हिस्सा 1/18<br>2 चन्द्रकंवर पत्नि भोपालसिंह हिस्सा 1/63<br>3 जयसिंह पुत्र पुनमसिंह हिस्सा 1/5<br>4 दिपीका पुत्र भोपालसिंह हिस्सा 1/63<br>5 नाथुसिंह पुत्र पुनमसिंह हिस्सा 7/15<br>6 नीतू पुत्री भोपालसिंह हिस्सा 1/63<br>7 पूनम कंवर पुत्री हीरसिंह हिस्सा 1/18<br>8 भंवरसिंह पुत्र भोपालसिंह हिस्सा 1/63<br>9 भावना पुत्री भोपालसिंह हिस्सा 1/63<br>10 मोतीसिंह पुत्र धनसिंह हिस्सा 1/9<br>11 राजेन्द्र सिंह पुत्र भोपालसिंह हिस्सा 1/63<br>12 संगीता पुत्र भोपालसिंह हिस्सा 1/63<br>जातिगत राजपूत सा. देह खातेदार रहन जिला सहकारी भूमि विकास बैंक लि. शाखा फालना |

न्यायालय उप - खण्ड अधिकारी बाली, जिला - पाली (राज.)

यह कि प्रस्तावित भूमि की डी.एल.सी. दर 1,18,575/— रूपये प्रति हैक्टर है।
यह है कि प्रस्तावित रास्ते हेतु उपयोग में आने वाले भू—भाग पर निर्माण कार्य, वृक्ष नहीं है एवं न ही वृक्ष इत्यादि की क्षति है।

प्रकरण मे तहसीलदार बाली द्वारा रिपोर्ट प्रेषित कर प्रार्थी की मांग अनुसार रास्ता दिये जाने बाबत अनुशंषा की गई। प्रकरण में अप्रार्थीगण को नोटिस जारी किये गये। अप्रार्थी संख्या 11/1 की ओर से अधिवक्ता श्री मूलसिंह यादव व अप्रार्थी संख्या 04 की ओर से अधिवक्ता श्री हनुमानसिंह चौहान ने वकालतनामे पेश किये। शेष अप्रार्थीगण के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाई गई। वकील अप्रार्थी संख्या 11/1 का जवाब/आपत्ति अवसर बंद किया गया। वकील अप्रार्थी सं. 04 ने आपत्ति पेश कर निवेदन किया कि प्रार्थी की खातेदारी भूमि तक पहुंच के लिये वर्तमान में खसरा नंबर 800 व 799 वक्त सेटलमेंट व अलोटमेंट के समय से उपयोग व उपभोग करते आ रहे है। मौके पर अल्टरनेट रास्ता मौजूद होते हुये भी प्रार्थी ने मिथ्या कथन कर उक्त प्रार्थना पत्र पेश कर अप्रार्थी को नुकसान पहुंचाने के आशय से पेश किया है। प्रस्तुत आपत्ति पर मनन के पश्चात ज्ञात है कि अप्रार्थी संख्या 04 द्वारा प्रस्तावित रास्ता घुमावदार व अधिकतम दूरी का है। धारा 251 ए के प्रावधान के अनुसार न्यूनतम दूरी का रास्ता दिये जाने का प्रावधान है। अतः वकील अप्रार्थी संख्या 04 द्वारा प्रस्तुत आपत्ति खारिज की जाती है। उपस्थित वकुलाय की बहस सुनी गई।

पत्रावली व उपलब्ध रेकर्ड के अध्ययन व वकुलाय की बहस पर मनन के पश्चात् यह जाहिर है कि आवेदक की खातेदारी भूमि ग्राम पैरवा पटवार हल्का पैरवा तहसील बाली के खसरा नंबर 796 रकबा 2.1400 हैक्टर की भूमि में आवागमन के लिए कोई रास्ता वर्तमान में उपलब्ध नहीं होने से तहसीलदार बाली द्वारा जांच के पश्चात् नया रेकर्डेड रास्ता प्रस्तावित किया गया है।

अतः राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 संशोधन, 2012 सपठित राजस्थान काश्तकारी (सरकारी) संशोधन नियम, 2012 तथा इस संबंध मे राज्य सरकार राजस्थान राजस्व (ग्रुप—6) की अधिसूचना क्रमांक : F.3(2)Rev.6/ 03/ pt/ 7 Jaipur Dated : 02.03.2012 तथा राज्य सरकार राजस्व (ग्रुप—6) के परिपत्र क्रमॉकःप.3(52) राज—6/12/4 जयपुर दिनांक 14.06.2013 के द्वारा प्रदत्त निर्देशो/शक्तियो के अनुसरण मे प्रार्थी की खातेदारी भूमि ग्राम ग्राम पैरवा पटवार हल्का पैरवा तहसील बाली के खसरा नंबर 796 रकबा 2.1400 हैक्टर की भूमि में आवागमन के लिए कोई विकल्प/रास्ता उपलब्ध नही होने से अप्रार्थीगण की भूमि ग्राम पैरवा पटवार हल्का पैरवा तहसील बाली के खसरा नंबर 795 रकबा 4.2800 हैक्टर में से **2466 वर्गमीटर** रास्ता हेतु नियमो के नियम 70 (i)(ख) के अन्तर्गत राज्य सरकार को देय प्रतिकर राशि का निर्धारण करते हुए **तहसीलदार बाली द्वारा प्रस्तुत नक्शा मौका के अनुरूप उपलब्ध कराये जाने के आदेश** दिये जाते है।
राजस्व रेकार्ड में इन्द्राज किये जाने से पूर्व तहसीलदार, बाली देय प्रतिकर राशि को जमा करावे। प्रतिकर राशि नियमानुसार निर्धारण की जाती है :—

3

सहायक कलक्टर एवं पदेन
उपखण्ड अधिकारी, बाली

पेज लगातार..........03

Scanned with OKEN Scanner

**राजस्व विविध प्रकरण संख्या : Gcms No 2023/318**

अनवान राजेन्द्र कुमार बनाम चन्द्र कंवर वगैरा

*अंतर्गत धारा 251 ए राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955*

| खसरा नंबर | एकबा हैक्टर में | रास्ते के लिये प्रभावित क्षैत्रफल | डी.एल.सी. दर (प्रति व. मी.) रूपये | देय प्रतिकर राशि की डी.एल.सी. दर 118575/–रूपये प्रति हैक्टेयर से दुगुनी राशि | नाम खातेदार |
|---|---|---|---|---|---|
| 795 | 4.2800 | 274X9=2466 वर्गमीटर | 12 | 29592X2=59184 | 1कृष्ण कुंवर पुत्री हीरसिंह हिस्सा 1/18<br>2 चन्द्रकंवर पत्नि भोपालसिंह हिस्सा 1/63<br>3 जयसिंह पुत्र पुनमसिंह हिस्सा 1/5<br>4 दिपीका पुत्र भोपालसिंह हिस्सा 1/63<br>5 नाथुसिंह पुत्र पुनमसिंह हिस्सा 7/15<br>6 नीतू पुत्री भोपालसिंह हिस्सा 1/63<br>7 पूनम कंवर पुत्री हीरसिंह हिस्सा 1/18<br>8 भंवरसिंह पुत्र भोपालसिंह हिस्सा 1/63<br>9 भावना पुत्री भोपालसिंह हिस्सा 1/63<br>10 मोतीसिंह पुत्र धनसिंह हिस्सा 1/9<br>11 राजेन्द्र सिंह पुत्र भोपालसिंह हिस्सा 1/63<br>12 संगीता पुत्र भोपालसिंह हिस्सा 1/63 जातिगत राजपूत सा. देह खातेदार रहन जिला सहकारी भूमि विकास बैंक लि. शाखा फालना |

न्यायालय उप - खण्ड अधिकारी बाली, जिला - पाली (राज.)

**प्रस्तावित रास्ता में अन्य कोई क्षति यथा निर्माण/वृक्ष संरचना कारित नही होने से उक्तानुसार राशि 59184/– (अक्षरे उनसाठ हजार एक सौ चौरासी रूपये मात्र)** रूपये आवेदक द्वारा बतौर प्रतिकर राशि तहसील कार्यालय में जमा करवाई जायेगी। तहसीलदार बाली द्वारा रिपोर्ट के साथ प्रेषित नक्शा को आदेश का भाग माना जायेगा।

तहसीलदार, बाली प्रतिकर राशि अदायगी की सुनिश्चितता कर उक्त प्रस्तावित भूमि राजस्व रेकार्ड में बतौर **राजकीय सिवाय चक गै.मु. रास्ता** दर्ज करेंगे।

तहसीलदार, बाली उपरोक्तानुसार पालना सुनिश्चितता कर राजस्व रेकार्ड मे अमल दरामद के साथ नक्शा में तरमीम कर पालना प्रस्तुत करे। आदेश की प्रति सभी संबंधित को पालनार्थ भिजवायी जावे। मिसल फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो।

(दिनेश बिश्नोई)
आर.ए.एस.
उपखण्ड अधिकारी,
**सहायक कलेक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी,बाली**

क्रमॉक/कोर्ट/2026/293 – 297

दिनांक :25-2-2026

**प्रतिलिपि निम्नांकित को पालनार्थः–**

1. तहसीलदार, बाली निजी खातेदार को देय प्रतिकर राशि अमानत मद तथा राज्य सरकार को देय प्रतिकर राशि संबंधित मद में जमा की सुनिश्चितता करें।
2. निरीक्षक भू0अ0 बिरालपुर
3. पटवारी हल्का, पैरवा
4. तहसील राजस्व लेखाकार तहसील बाली
5. आवेदक राजेन्द्र कुमार पुत्र जेसारामजी जाति सरगरा निवासी बेडा तहसील बाली को सूचनार्थ।

**सहायक कलेक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी,बाली**

Scanned with OKEN Scanner

| हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज | नंबर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुये |
|---|---|---|
| 17/02/026 | पत्रावली पेश हुई। वकुलाय उपस्थित।<br>वकील अप्रार्थी सं. 11/1 द्वारा जवाब/आपत्ति पेश नही करने पर इनका अवसर बंद किया जाता है। अप्रार्थी सं. 01 से 03, 05 से 10, 11/2 बावजूद सम्मन तामील तामील. के न्यायालय में अदिनांक तक वकालतन/असालतन अनुपस्थित रहने से इनके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जाती है। उपस्थित वकुलाय की बहस सुनी गई। पत्रावली व उपलब्ध रेकर्ड के अध्ययन एवं वकुलाय की बहस पर मनन के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाकर विस्तृत आदेश पृथक से लिखाया गया। आदेश प्रति TDR बाली व समस्त संबंधित को पालनार्थ भिजवाई जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।<br><br>न्यायालय उप - खण्ड अधिकारी ★ बाली, जिला - पाली (राज.) ★<br><br>सहायक कलक्टर एवं पदेन<br>उपखण्ड अधिकारी, बाली | |


Scanned with OKEN Scanner

(देखिये नियम 153 ए)

| राजस्थान सरकार | NIC-BHUNAKSHA |
|---|---|
| खसरा नक्शा एवं जमाबंदी(प्रतिलिपि) | दिनांक : 19/03/2024 10:10:11 AM |

जिला : पाली | तहसील : बाली | भू. अ. नि. क्षेत्र : बिसलपुर

पटवारी हल्का : पैरवा | ग्राम : पैरवा




खसरा संख्या :795 क्षेत्रफल : 4.2800 Hectare खाता संख्या : 199पुराना खाता संख्या :201

भूमि किस्म[क्षेत्रफल लगान ]: बंजड़ [ 4.2800, 4.28 ]

1.) कृष्णा कुंवर पुत्री हीरसिंह हिस्सा- 1/18 जाति- राजपुत सा. देह खातेदार हिस्सा-1/18 ( पूर्ण खाता ) पाली ज़िला सहकारी भूमि विकास बैंक लि शाखा फालना

10.) मोतीसिंह पुत्र धनसिंह हिस्सा- 1/9 जाति- राजपुत सा. देह खातेदार

11.) राजेन्द्रसिंह पुत्र भोपालसिंह हिस्सा- 1/63 जाति- राजपुत सा. देह खातेदार

12.) संगीता पुत्री भोपालसिंह हिस्सा- 1/63 जाति- राजपुत सा. देह खातेदार हिस्सा-1/63 ( पूर्ण खाता ) पाली ज़िला सहकारी भूमि विकास बैंक लि शाखा फालना

2.) चन्द्रकंवर पत्नि भोपालसिंह हिस्सा- 1/63 जाति- राजपुत सा. देह खातेदार हिस्सा-1/63 ( पूर्ण खाता ) पाली ज़िला सहकारी भूमि विकास बैंक लि शाखा फालना

3.) जयसिह पुत्र पुनमसिह हिस्सा- 1/5 जाति- राजपुत सा. देह खातेदार

4.) दिपीका पुत्री भोपालसिंह हिस्सा- 1/63 जाति- राजपुत सा. देह खातेदार हिस्सा-1/63 ( पूर्ण खाता ) पाली ज़िला सहकारी भूमि विकास बैंक लि शाखा फालना

5.) नाथूसिह पुत्र पुनमसिह हिस्सा- 7/15 जाति- राजपुत सा. देह खातेदार हिस्सा-7/15 ( पूर्ण खाता ) यूको बैंक शाखा sumerpur

6.) नीतू पुत्री भोपालसिंह हिस्सा- 1/63 जाति- राजपुत सा. देह खातेदार

7.) पूनम कंवर पुत्री हीरसिंह हिस्सा- 1/18 जाति- राजपुत सा. देह खातेदार हिस्सा-1/18 ( पूर्ण खाता ) पाली ज़िला सहकारी भूमि विकास बैंक लि शाखा फालना

8.) भंवरसिंह पुत्र भोपालसिंह हिस्सा- 1/63 जाति- राजपुत सा. देह खातेदार हिस्सा-1/63 ( पूर्ण खाता ) पाली ज़िला सहकारी भूमि विकास बैंक लि शाखा फालना

9.) भावना पुत्री भोपालसिंह हिस्सा- 1/63 जाति- राजपुत सा. देह खातेदार

तहसीलदार, बाली

भू. अ. निरीक्षक - बिसलपुर